
# अंबानी के समधी अजय पिरामल को आईआईटी इंदौर ने दी मानद उपाधि



आईआईटी इंदौर के दीक्षांत समारोह में पिरामल ग्रुप के चेयरमैन अजय पिरामल को डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। आईआईटी इंदौर पहली बार मानद उपाधि दे रहा है। समारोह में उनके साथ पत्नी स्वाति व बेटी नंदिनी भी आई थी। पत्नी ने उनके उपाधि मिलने के क्षणों को वीडियो कैमरे में कैद किया तो मंच से नीचे आते ही शुभकामना दी। अजय पिरामल ख्यात उद्योगपति मुकेश अंबानी के समधी हैं। अंबानी की बेटी ईशा से उनके बेटे आनंद की शादी 12 दिसंबर को होने वाली है। आयोजन के दौरान अजय पिरामल की पत्नी स्वाति ने बेटे की शादी के बारे में सिर्फ इतना ही कहा कि शादी परंपरागत तरीके से होगी, शादी समारोह सादगीभरा ही होगा। (लाइव भी पढ़ें)

फोटो : प्रफुल्ल चौरसिया 'आशु'

**Nai Dunia (Indore), 20th November 2018, Page-1**